प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव आज से शुरू हो रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले दशहरा उत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस अवसर पर राज्यपाल के साथ मौजूद रहेंगे। इस मौके पर भगवान रघुनाथजी को उनके सुल्तानपुर स्थित मंदिर से शोभा यात्रा के लिए ढालपुर मैदान लाया जाएगा और उन्हें रथ पर बिठाकर उनके अस्थाई शिविर ले जाया जाएगा। आगामी सात दिन तक वे वही विराजमान रहेंगे । इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान 19 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यक्रमों व उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 19 अक्तूबर को मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

.....

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है ग्रीन हाईड्रोजन बसें चलाने वाला हिमाचल जल्द ही देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक प्रदेश सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम को विद्युत उर्जा के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहती है और इसके लिए निगम की बसों में ग्रीन हाईड्रोजन इंधन के रूप में प्रयोग की जायेगी। शिमला में कल हिमाचल पथ परिवहन निगम के स्वर्ण जंयती समारोह में उन्होंने कहा कि इन सकारात्मक उपायों में निगम की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में निगम ने लोगों को बेहतर सेवायें देने के लिए ईमानदारी से काम किया है और आज लगभग 6 लाख लोग रोजाना निगम की बसों में सफर कर रहे हैं।

.....

आज अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस है। यह दिवस आपदा शमन में शिक्षा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर संयुक्त् राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरेस ने जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं से बच्चों, को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की अपील की

है। उन्होंने कहा है कि समाज और अर्थव्यवस्था के अलावा खासकर बच्चों पर आपदा का विनाशकारी प्रभाव पडता है क्योंकि इससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभावित होती है। गुतेरश ने ऐसे स्कूल बनाने की अपील की है, जो आपदाओं से सुरक्षित रह सकें।

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस का विषय है– सशक्त भारत के लिए अगली पीढी का सशक्तिकरण।

.....

सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव सिकंदर कुमार ने कहा है कि पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए पार्टी के चम्बा, नूरपुर, पालमपुर, हमीरपुर, महासू और शिमला ज़िलों की कार्यशालाएं 14 अक्तूबर से आयोजित होंगी। इनमें सांसदों और विधायकों के अलावा अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे।

.....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज ` आज मौसम आमतौर पर साफ है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों सहित अन्य भागों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 18 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।

.....

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

अधिकांश समाचार पत्रों ने आज से शुरू हो रहे अतंरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है– अन्तरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आज से–ढालपुर पहुंचेंगे सैंकड़ो देवी देवता। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–कुल्लू में देवताओं का महाकुंभ आज से, 332 देवी–देवता पहुंचेगे। दैनिक जागरण के शब्द हैं– कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव आज से।

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल के रास्ते आसानी से चीन सीमा तक पहुंच सकेंगे सेना के जवान–सामरिक महत्व के पांच पुलों का रक्षामंत्री राजनाथ ने किया लोकार्पण। आपका फैसला की सुर्खी है–रक्षा मंत्री ने हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में पांच पुल किए लोकार्पित।

पंजाब केसरी के शब्द हैं–एच.आर.टी.सी. कर्मचारियों के ओवरटाइम को 50 करोड़ और 28 को मिलेगा वेतन व पैंशन। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने की घोषणा–एच.आर.टी.सी. कर्मियों और पेंशनरों को भी 28 को मिलेगा वेतन–पेंशन। दिव्य हिमाचल लिखता है–एच.आर.टी.सी. कर्मियों की दिवाली मीठी–इस महीने 28 को ही मिल जाएगी सैलरी व पेंशन। दैनिक जागरण के मुताबिक –एच.आर.टी.सी. इस माह 28 को देगा वेतन व पेंशन।

हिमाचल में ग्रीन हाईड्रोजन से चलेंगी बसें–8 माह के भीतर शुरू होगा पहला प्लांट अमर उजाला की एक खबर है।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हवा में नमी से सुबह शाम बढ़ने लगी ठंड, इस हफ्ते 4 से 5 डिग्री तक गिरा रात का पारा।

....